# प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त चौथी तिमाही/वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के परिणाम

## वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के प्रमुख वैषिष्ट्य

- बेहतर प्रदर्शन के साथ वित्तीय वर्ष 2020 की शुद्ध हानि ₹1,121 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 में ₹ 888 करोड़ (20.79%) रह गयी है. साथ ही वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही की शुद्ध हानि ₹1529 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में ₹ 1349 करोड़ (11.77 %) रह गयी है.

- वित्तीय वर्ष 2020 के तुलना में बैंक का परिचालन लाभ ₹ 4,344 करोड़ से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 में ₹4630 करोड़ (6.58%) हो गया है. साथ ही वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही का परिचालन लाभ ₹517 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में ₹ 688 करोड़ (33.08 %) हो गया है.

- निवल एनपीए वित्तीय वर्ष मार्च 2020 के 7.63 % से सुधरकर वित्तीय वर्ष 2021 में 5.77 % हो गया, है. जो कि 186 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.

- प्रावधान कवरेज अनुपात मार्च 2020 के 77.29% से सुधरकर मार्च 2021 में 82.54% हो गया जो कि 525 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.

**लाभप्रदता :**

- **शुद्ध ब्याज आय(एन आई आई) वित्तीय वर्ष 2020 की ₹ 7629 करोड़ से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 में ₹ 8245 करोड़ (8.07 %) हो गयी है. तदापि शुद्ध ब्याज आय वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही की ₹1926 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में ₹ 1516 करोड़ (-31.96 %) हुई है.**

- **वित्तीय वर्ष** 2020 **के तुलना में बैंक का परिचालन लाभ ₹** 4,344 **करोड़ से बढकर वित्तीय वर्ष** 2021 **में ₹**4630 **करोड़ (**6.58%) **हो गया है. साथ ही वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष** 2020 **की चौथी तिमाही का परिचालन लाभ ₹**517 **करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष** 2021 **की चौथी तिमाही में ₹** 688 **करोड़ (**33.08 %) **हो गया है.**

- **आय लागत अनुपात वित्तीय वर्ष 2020 के** 61.44% **से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 में** 59.43% **हो गया एवं वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के 80.99% से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह 71.57% हो गया जो कि 942 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**

- **जमा लागत वित्तीय वर्ष 2020 के 5.11 % से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 में 4.35 % हो गई एवं वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के 5.05 % से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह 4.00 % हो गया जो कि 105 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**

- **अग्रिमों पर प्रतिफल वित्तीय वर्ष 2020 के 7.53% से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 में 6.63% हो गया. साथ ही वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के 7.77 % से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह 4.98% हो गया.**

- प्रति कर्मचारी **व्यवसाय** वित्तीय वर्ष 2020 **के** ₹14.06 करोड़ **से बढकर** वित्तीय वर्ष 202**1** ₹15.60 करोड़ **हो गया** एवं वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के ₹14.41 करोड़ से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह ₹15.64 % हो गया.

**आस्ति गुणवत्ता :**

- **सकल एनपीए मार्च** 2020 **के** 18.92% **से सुधर कर मार्च** 2021 **में** 16.55 % **हो गया**, **जो कि** 237 **बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**

- **निवल एनपीए वित्तीय वर्ष मार्च** 2020 **के** 7.63 % **से सुधरकर वित्तीय वर्ष** 2021 **में** 5.77 % **हो गया, है. जो कि** 186 **बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**

- **प्रावधान कवरेज अनुपात मार्च** 2020 **के** 77.29% **से सुधरकर मार्च** 2021 **में** 82.54% **हो गया जो कि** 525 **बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**
- **ऋण लागत वित्तीय वर्ष 2020 के 2.55% से बढ कर वित्तीय वर्ष 2021 में 2.92 % हो गई एवं वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के 3.91 % से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह 7.16 % हो गई.**
- **स्लीपेज अनुपात वित्तीय वर्ष** 2020 **के 6.02% से घटकर वित्तीय वर्ष** 2021 **में 4.40% हो गया है. तदापि यह वार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही की 0.28 % से बढ कर वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में 3.91 % हो गया है. ₹ 1414.26 करोड़ की बकाया राशि वाले खाते जिनमें मार्च 2021 से पूर्व ओटीआर लागू हो गया था किंतु अप्रैल,**2021 **में क्रियान्वित हुआ था. अन्यथा वित्तीय वर्ष** 2021 **में स्लीपेज अनुपात 3.39 % तथा चौथी तिमाही में 2.98% रहता.**

## पूंजी

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) वित्तीय वर्ष 2020 के 11.72% से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 में 14.81% हो गया है जो कि 309 बीपीएस का सुधार दर्शाता है. जिसमें सीईटी 1 की हिस्सेदारी 9.33% से बढ कर 12.82% हो गई है, जो कि 349 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.
- बैंक की निवल मालियत 31 मार्च 2020 के ₹18,466.88 करोड़ से सुधर कर 31 मार्च 2021 को ₹22702.90 करोड़ हो गई है.

## डिजिटल बैंकिंग :

- जनवरी 2021 हेतु एमईआईटीवाई द्वारा जारी स्कोर कार्ड के अनुसार सुदृढ डिजिटल बैंकिंग सेट अप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है.

- वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों के माध्यम से लेनदेन वित्तीय वर्ष 2020 के 66.54% से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 में 77.63% हुए हैं.

- वित्तीय वर्ष 2021 में यूपीआई लेनदेन औसत 21.62 लाख प्रतिदिन हो गए हैं. जो वित्तीय वर्ष 2020 में औसत लेनदेन 10.10 लाख थे.

- 31 मार्च, 2021 को सक्रिय डेबिट कार्ड उपयोगकर्ताओं की संख्या 2.66 करोड़ हैं जो 31 मार्च, 2020 को 2.40 करोड़ थी.

**शाखा वर्गीकरण :**

- दिनांक 31 मार्च, 2021 को, 4608 शाखाओं के नेटवर्क के साथ बैंक की देशव्यापी उपस्थिति है, जिनमें से 63.69% (2935 शाखाएं) ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित है एवं बैंक के कुल 3644 एटीएम हैं.

व्यवसाय विशेषताएँ :

- **कुल व्यवसाय वित्तीय वर्ष 2020 के ₹ 486007 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021 में ₹ 506886 करोड़ हो गया, जो वर्ष -दर-वर्ष आधार पर 4.30% की वृद्धि दर्शाता है.**
- **वित्तीय वर्ष 2021 में कुल जमाएँ बढ़कर ₹ 329973 करोड़ हो गई, जो वित्तीय वर्ष 2020 में ₹ 313763 करोड़ थी. यह ₹ 16210 करोड़ (5.17%) की वृद्धि दर्शाती है.**

- **कुल कोर जमाओं में कासा प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2020 के 46.83% से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 में** 49.24% **हो गया, जो कि 241 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**
- रिटेल ऋण **31 मार्च** 2020 **के** ₹46,106 करोड़ **से बढकर** 31 मार्च 202**1 में** ₹ 49468 करोड़ हो गया **जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर** 7.29 %. **की वृद्धि दर्शाता है.**
- रैम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) वित्तीय वर्ष 2020 के ₹109775 करोड़ से बढकर वित्तीय वर्ष 2021 में ₹ 118031 करोड़ हो गई जो वर्ष–दर–वर्ष आधार पर 7.52 %. की वृद्धि दर्शाता है. कॉर्पोरेट ऋण वित्तीय वर्ष 2020 के ₹ 62469 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 को घटकर ₹ 58882 करोड़ (-5.74%) हो गये हैं.